कार्यालय जिलाधिकारी , बस्ती।

प्रेस – विज्ञप्ति

राजस्व विभाग, उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा – 2015

जनपद का नाम – बस्ती **परीक्षा का नाम – लेखपाल, राजस्व**

विज्ञापन सं0 /भूलेख–सात दिनांक 02 जुलाई 2015।

आवेदन पत्र स्वीकार (Submit) किये जाने की अन्तिम तिथि – 22–7–2015।

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की तिथि – 21–7–2015।

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30–08–2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है –

रिक्तियों का विवरण

क्रम सं0	पदनाम	दिनांक 01–07–2015 को आयु	वेतन मान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	₹ 5200–20200 (ग्रेड पे– 2000)	**566**	**283**	**119**	**11**	**153**	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण	1– प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का '' बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित बस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक **01–07–2015** को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावली –1972 यथा संशोधित 2012 एवं वर्तमान में प्रभावी नियमों में उल्लिखित व्यवस्थानुसार छूट प्रदान की जायेगी। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति , अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों,

उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– आन लाइन फार्म दिनांक दिनांक 22–07–2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से ₹ 300/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियो को ₹150/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा, तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5– परीक्षा बस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय, और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट http://basti.nic.inपर उपलब्ध होगा।

6– आन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश , अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की वेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट http://basti.nic.in पर उपलब्ध होगा।

7– लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक 17 जून 2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क / फार्म स्वीकार (Submit) किये जा चुके हैं, उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क / फार्म नही भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिए भी मान्य होगा।

(अनिल कुमार दमेले)
अध्यक्ष चयन समिति / जिलाधिकारी
बस्ती

सं0 202(11) /भूलेख–सात तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त एवं सचिव, मा0 राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ को मा0 परिषद के पत्र सं0 52/4–34ए/2013 दिनांक 29.06.2015 के अनुपालन में सादर अवलोकनार्थ।
2. आयुक्त महोदय , बस्ती मण्डल बस्ती को सादर अवलोकनार्थ।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी , बस्ती को इस आशय से कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण हिन्दी दैनिक समाचार पत्र , अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को आगामी अंक दिनांक03.07..2015 में प्रकाशित कराकर भुगतान हेतु विल भी प्रस्तुत करें।

अध्यक्ष चयन समिति / जिलाधिकारी
बस्ती